तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

11 भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें

12 छिंद में हुआ मतदाता जागरुकता का अनोखा कार्यक्रम

खबर संक्षेप

जान से मारने की धमकी

महासमुंद। पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम बिजराभांठा रायतुम के शिव मंदिर के पास चबूतरा में एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी सुखराम दुबे पिता जयलाल प्रसाद (45) रायतुम ने बताया कि आरोपी संतोष बरिहा पिता अर्जुन सिंह बरिहा (44) निवासी रायतुम बिजराभांठा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट और कोल्ड ड्रिंक के बॉटल से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

साढ़े 8 हजार का प्लेन शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम बम्हनी से आरोपी के कब्जे से 95 नग देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा । लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वाले के ऊपर कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया है। जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम अपने-अपने क्षेत्रों मे लगातार गस्त/पेट्रोलिंग कर अवैध शराब निर्माण, मादक पदार्थ परिवहन करने वालों पर नजर रखी जा रही है। थाना सिटी कोतवाली की टीम टाउन/देहात पेट्रोलिंग कर अपराध पतासाजी कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नांदगांव जाने वाला रास्ता ग्राम बम्हनी में भूरे रंग के कपड़े का बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। उसने पूछताछ के दौरान अनपा नाम भोजराम बंजारे उर्फ चमचु पिता देवदास बंजारे (35) निवासी वार्ड नं 11 ग्राम बम्हनी का होना बताया तथा उनके पास रखे भूरे रंग के कपड़े का बैग की तलाशी लेने पर देशी प्लेन शराब भरा हुआ बोतल मिला।

तेज रफ्तार कार ने बालिका को कुचला, मौके पर मौत

छुईहा बेलर। ग्राम बोड़की में

वेदराम साहू की पोती मुक्ताश्री साहू 11 वर्ष को कार ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और विवेचना में मामले को लिया है। हादसे के बाद से माता- पिता, दादा-इधर मृतक की मां गहरी सदमे में आ गई है। वेदराम साहू बोडकी ने घटना के संदर्भ में बताया कि उनका पुत्र लाकेश साहू राजिम बस स्टैंड के पास में साईक्छा नाम से च्वाइस सेंटर चलाता है ।

ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

धमतरी। मुजगहन मार्ग से गुजर रहे स्कूटी सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम पारागांव निवासी राजेश देवांगन उम्र 45 वर्ष अपने रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में आया था। युवक शुक्रवार की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एच 5983 में सवार होकर मुजगहन मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 27 एच 8650 ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक का बायां पैर पूरी तरह फ्रेक्चर हो गया।

पानी के लिए तरसे आदिवासी छात्र, परीक्षा की तैयारी छोड़कर नहाने-धोने के लिए ढूंढ रहे ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से पढ़ने के लिए आए आदिवासी छात्र शहर में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस गए हैं। हालात ये हैं कि छात्र परीक्षा के दिनों में तैयारी छोड़कर नहाने और कपड़े धोने के लिए पानी की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। मामला डीडी नगर के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का है। यहां स्नातकोत्तर और स्नातक दो छात्रावास हैं। स्नातकोत्तर भवन में सुविधाएं अपेक्षाकृत बेहतर हैं, लेकिन स्नातक भवन में छात्र पानी, बिजली और छत जैसी समस्याओं के लिए जूझ रहे हैं। छात्रों ने बातचीत में बताया, एक बोर का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। थोड़ा-बहुत पानी आता है, उससे कुछ देर ही काम चल पाता है। रोज सुबह नहाने के लिए हम स्नातकोत्तर छात्रावास जाते हैं। वहां के छात्रों को भी नहाना होता है। ऐसे में अपनी पारी का इंतजार करते हुए बैठे रहते हैं। इसके अलावा खाना बनाते वक्त सब्जी, बर्तन आदि धोने के लिए भी पानी बीच में खत्म हो जाता है। यहां-वहां से पाइप खींचकर व्यवस्था कर पाते हैं।

मामला डीडीनगर के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का

कोंडगांव, सुकमा, बस्तर के छात्र हैं अध्ययनरत

आदिवासी छात्रावास में कोंडागांव, सुकमा, बस्तर सहित प्रदेशभर के आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थी रहते हैं। यहां वे विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाई करते हैं। वर्तमान में रविवि की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। छात्रों का कहना है कि पानी का जुगाड़ करने में ही उनका पूरा वक्त निकल जाता है। इस कारण पढ़ाई नहीं हो पाती है। वे यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वे पढ़ाई करें या कमरे की मरम्मत की चिंता करें।

मरम्मत भी आधी-अधूरी

इस छात्रावास के अंतर्गत तीन बिल्डिंग हैं। इसके मरम्मत के लिए बीते वर्ष कार्य शुरू किया गया था, लेकिन सिर्फ एक बिल्डिंग में ही मरम्मत का कार्य हो सका है। शेष दो बिल्डिंग में स्थिति अब भी जस की तस है। यहां प्लस्तर उखड़ने लगे हैं। कभी भी छत से रेत गिरने लगती है। बिजली के बोर्ड भी पिछले कई सालों से नहीं बदले गए हैं, ऐसे में चार्जिंग के लिए फोन या लैपटॉप लगाते हुए भी डर लगते रहता है। इसे लेकर छात्रों द्वारा कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से संपर्क भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। छात्र भीषण गर्मी में पानी के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग को भी छात्रों द्वारा खत लिखा जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

आधा कार्य पूर्ण

मरम्मत संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। आधा कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अभी जारी है।

- तेजस्वी वर्मा, वार्डन

हादसा : दो झुलसे श्रमिक रायपुर रेफर, चार को इलाज उपरांत दी छुट्टी

डंपर के सस्पेंशन सिलेंडर में विस्फोट 6 कर्मचारी घायल, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर स्थित अडानी अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान के खदान में चूना पत्थर के परिवहन में संलग्न विशालकाय डंपर के सस्पेंसन सिलेंडर में नाइट्रोजन गैस भरे जाने के दौरान हुए विस्फोट में दो श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गये, जबकि चार अन्य श्रमिकों को भी चोंटे आयी है। घायलों का प्राथमिक उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई है। वहीं दोनों गंभीर श्रमिकों को रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया है। सूचना पश्चात वहां पहुंचे पुलिस अमला द्वारा घटना स्थल को सील कर मामले की विवेचना की जा रही है।

मामला- अडानी अम्बुजा सीमेंट माइंस में लगे डम्पर का

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दुर्घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घटित हुई। जब सीमेंट संयंत्र के खदान में मेंटेनेंस का कार्य करने वाली ठेकेदार कम्पनी एसएम इंटरप्राईजेस रायपुर के अधीन कार्य कर रहे श्रमिक शंकर गौड़ा पिता सिद्धमा गौड़ा 34 साल, मो. शाहिद शेख पिता मो. शब्बीर निवासी मानव कालोनी रवान सीमेंट संयंत्र के खदान में चूना पत्थर के परिवहन कार्य में संलग्न विशालकाय डंपर के सस्पेंशन सिलेंडर में नाईट्रोजन गैस डालने का कार्य कर रहे थे, तभी गर्म सस्पेंशन सिलेंडर फट गया और उसमें आग लग गई। इससे शंकर और शाहिद के हाथ व चेहरे झुलस गए, जबकि समीप ही कार्य कर रहे नरेश पिता अधिकारी स्वाईन 42 साल, घमोद पिता नरेंद्र सिंह ठाकुर 41 साल, सतीष पोटफोड़ पिता अशोक 37 वर्ष मानव कालोनी रवान, राकेश कुमार वर्मा पिता पोखन लाल वर्मा ग्राम रवान भी सिलेंडर के टुकड़ों के चपेट में आकर घायल हो गये। इसके बाद खदान क्षेत्र में श्रमिकों के मध्य भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई और एम्बुलेंस बुलाकर गंभीर घायल दोनों श्रमिकों के अलावा अन्य सभी घायलों को संयंत्र के कालोनी स्थित अस्पताल में उपचार हेतु लाया गया, जिसमें दोनों घायल श्रमिकों को रायपुर रिफर करने के साथ ही अन्य को छुट्टी दे दी गई।

मामले के संबंध में संयंत्र के मानव संसाधन विभाग प्रमुख दिनेश पाठक ने मोबाइल अटेंड नहीं किया। वरिष्ट अधिकारी अतुल गुप्ता रायपुर ने बताया कि हाईड्रोलिक सस्पेंशन सिलेण्डर में विस्फोट की वजह से 5 श्रमिक घायल हुए हैं। जिनमें से 1 सामान्य रूप से झुलसे श्रमिक को बेहतर इलाज हेतु रायपुर भेजा गया है। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी निधि नाग ने बताया कि घटना स्थल को सील कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। हादसे में 6 श्रमिक घायल हुए हैं, जिनमें से 2 को रायपुर इलाज हेतु भेजा गया है, जबकि 4 अन्य को उपचार उपरांत छुट्टी दे दी गई है।

नाइट्रोजन गैस भरने के दौरान हुआ विस्फोट, संयंत्र में मची भगदड़

घटना की जानकारी सीटी कोतवाली थाना को नहीं

घटित हादसे के बारे में पत्रकारों द्वारा सीटी कोतवाली थाना से संपर्क कर जानकारी मांगने पर ऐसी घटना की जानकारी नहीं होने की बात कही गई। इसके पूर्व भी सीमेंट संयंत्रों में घटित दुर्घटनाओं के बारे में प्रशासन द्वारा जांच कराने के लिए समिति का गठन किया जाता रहा है, लेकिन समिति के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और की गई कार्रवाई के बारे में हमेशा चुप्पी साधे रहने से संयंत्र प्रबंधन और प्रशासन के बीच मिली भगत का श्रमिकों के द्वारा अंदेशा जाहिर किया जाता रहा है।

गंभीर घायल का इलाज रायपुर में चल रहा

अतुल गुप्ता - अंबुजा सीमेंट संयंत्र अडानी ग्रुप के द्वारा बताया कि शुक्रवार को संयंत्र में नाइट्रोजन गैस भरते वक्त घटित दुर्घटना में चार श्रमिक हताहत हुए, जिनमें से एक श्रमिक की हालत गंभीर होने के कारण उसे तत्काल रायपुर रेफर किया गया। वहीं तीन श्रमिकों को सामान्य रूप से घायल होने के चलते स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

फिर बदल रहा मौसम, हो सकती है हल्की बारिश

बलौदाबाजार । बंगाल की खाड़ी से नमी आने का सिलसिला जारी है। इसके कारण आज भी प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा संभावित है। हालांकि वर्षा की मात्रा अत्यंत कम रहेगी। प्रदेश के अधिकतर हिस्से शुष्क ही रहेंगे। बलौदाबाजार सहित प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल भी रह सकते हैं। इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी भी विभाग ने दी है। मौसम विभाग के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मप्र के दक्षिणी भाग में 0.9 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका की अनियमित गति मध्यप्रदेश के दक्षिणी भाग से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है।

बलौदाबाजार में पारा 41.2 डिग्री

प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम बने रहने की संभावना है, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। तापमान में हल्की वृद्धि ही दर्ज की जाएगी। गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम तापमान नारायणपुर जिले में 18.9 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा, जो सामान्य है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 26.3 दर्ज किया गया। गुरुवार को भी एक-दो स्थानों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

शराब तस्कर का आबकारी टीम ने किया पीछा आरोपी चकमा देकर स्कूटी छोड़ हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

आबकारी विभाग की टीम ने बगैर नंबर की स्कूटी से महुआ शराब की तस्करी करने वाले का पीछा किया, लेकिन युवक आबकारी टीम को चकमा देकर वाहन छोड़ फरार हो गया। जांच में टीम को स्कूटी में 50 लीटर महुआ शराब मिली। वाहन में नंबर प्लेट भी नहीं था। पुलिस ने आबकारी विभाग की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा लागू कर जांच में जुटी है। आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम गस्त के दौरान आबकारी विभाग को सूचना मिली की ग्राम हरदी से गिरसा की ओर एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की दो पहिया वाहन स्कूटी पकड़ा हुआ है और उसमें एक जूट बोरे में कच्ची महुआ शराब को रखा है, जो तेजी से पीपरभौना गांव से गिरसा की ओर जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम के साथ ग्राम गिरसा-पिपरभौना मार्ग पर पुलिस वाहन को आता देख ▶▶ शेष पेज 11 पर

- बैगर नंबर की दोपहिया वाहन में मिली 50 लीटर महुआ शराब

कोर्रा के सहकारी बैंक में लगी आग

धमतरी। ग्राम कोर्रा स्थित जिला सहकारी बैंक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बैंक में रखे कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेज जल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक की शाखा ग्राम कोर्रा में संचालित है। शुक्रवार की दोपहर लोगों ने बैंक की बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा। बैंक के सामने लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। शाखा प्रबंधक द्वारा भीतर रखे दस्तावेजों को हटाया गया तब तक आग ने कम्प्यूटर सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण व पासबुक को चपेट में ले लिया था।

मनोज की इमानदारी बनी मिसाल, एटीएम में निकले पड़े 10 हजार मैनजर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

क्षेत्र में आज भी इमानदार व्यक्ति की कमी नहीं है। ऐसे ही इमानदारी का परिचय देते हुए शुक्रवार को पारस नगर सेक्टर-2 निवासी मनोज विश्वकर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में किसी का दस हजार रुपए निकला पैसा बैंक मैनेजर के हवाले किया। जिसकी बैंक मैनेजर जवाहर लाल पटेल ने काफी सराहना की। मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि वे शुक्रवार को करीब 12 बजे अपना नया एटीएम कार्ड का पिन कोड नंबर बनाने के लिए मेन रोड गौरव पथ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में गया, जहां कोई व्यक्ति नहीं था, लेकिन एटीएम में पहले से किसी का दस हजार रुपए निकला पड़ा था, जिसे देख उक्त व्यक्ति ने मीडिया को बताया। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कसडोल के ब्रांच मैनेजर को पूरी बातें बताते हुए दस हजार रुपए उनके सुपुर्द कर दिया। इस पर भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर जवाहर लाल पटेल ने मनोज विश्वकर्मा की इमानदारी की सराहना की।

प्रचार के दौरान कांग्रेस कार्यकता शकुन डहरिया ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

नारी वंदन के नाम पर सरकार महिलाओं को ठग रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट पर चुनाव चंद दिन ही शेष है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी शकुन डहरिया जमीन स्तर पर मोर्चा संभाल रही है।

भीषण गर्मी में भी कार्यकर्ता के साथ डोर टू डोर प्रचार कर रही है। शुक्रवार को कसडोल विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते हुए शकुन डहरिया ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को शराब बंदी एवं महिला वंदना के नाम पर ठगा है। न शराब बंदी कर रहे हैं न ही सही तरीका से नारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करती हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में नारी न्याय योजना, युवा न्याय योजना, किसान न्याय योजना से लोगों को अवगत कराते हुए देश और संविधान के रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी को जिताने अपील करते हुए जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया को विजयी बनाने की अपील की। जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के कसडोल विधानसभा क्षेत्र से धुवांधार प्रचार करते हुए शुक्रवार को सण्डी जोन के जारा, लुटुडीह, खैरा, सण्डी, खरतोरा, जर्वे, गबौद, मतवारी, सुन्दरी एवं ग्राम कोदवा में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने अपील की। उनके साथ सण्डी ब्लाक अध्यक्ष युवराज चन्द्राकर, पलारी ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, साहू समाज के तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, दतान के पूर्व सरपंच महेश बारले, अनुसूचित जाति महिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी कुर्रे, पार्षद पुष्पा बंजारे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील भतपहरी जनपद सभापति प्रवीण धुरंधर, यशवंत बांधे, हदय नवरंगे, खरतोरा सरपंच बिसेसर वर्मा, सरपंच बोईडीह रुक्मणी तेहरवंश, भीम खुंटे, महेन्द्र सहित प्रचार में सभी समाज के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि सहित महिला कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

रायपुर। लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

निर्वाचन सीईओ के घर पहुंचाई मतदाता पर्ची

रायपुर। घर-घर मतदान पर्ची वितरण के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले के निवास पहुंचे और उन्हें मतदाता पर्ची का वितरण किया।

आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रायपुर। श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डॉ. कमलेश का शदाणी दरबार में हुआ सम्मान

रायपुर। शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी, बोनस के रूप में मिलने थे 10 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है।

एक भी दावेदार नहीं

- माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक
- साक्षरता अभियान के लिए छात्रों को जागरूक करने शुरू की गई थी पहल

टॉपर लिस्ट बोनस अंक के बगैर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष भी बोनस अंक के बगैर ही टॉपर्स लिस्ट जारी की जाएगी। छात्रों की अंकसूची में इसका जिक्र होगा तथ कुल अंकों में बोनस अंक भी जोड़े जाएंगे। लेकिन मेरिट लिस्ट निकालते वक्त बोनस अंकों की गणना नहीं होगी। माशिम द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नियम में बदलाव किया गया था। इसे वर्तमान सत्र में भी जारी रखा जाएगा।

सर्वाधिक छात्र खेल वाले

माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।

बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा वार्ड की सड़कों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरु होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।



सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

समीक्षा के बाद बता पाएंगे

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

- नंदलाल देवांगन, महापौर, नगर निगम, बिरगांव

पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

आपसी रंजिश पर युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व 22 अप्रैल को युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या आपसी रंजिश पर किए जाने की बात पुलिस बता रही है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू के साथ एक ई-रिक्शा को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक आर्यन सिंह तोमर की हत्या के आरोप में संतोषी नगर निवासी शुभम गिरी गोस्वामी, बोरियाखुर्द निवासी सूरज नंदे तथा न्यू राजेंद्र नगर निवासी रितिक केशरवानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को आर्यन शाम साढ़े सात बजे अपने घर से टहलने के लिए निकला था।

- टिकरापारा थाना क्षेत्र में बोरियाखुर्द के पास चार दिन पूर्व की घटना

इसी दौरान बदमाशों ने उसे घेर लिया और पुरानी रंजिश के लेकर आर्यन के साथ लाठी डंडे से मारपीट करने के बाद उसके छाती में चाकू से हमला कर गंभीर हालत में मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना देर रात एक खेत के अंदर की थी, इस वजह से आर्यन को कोई देख नहीं पाया और समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई।

मोबाइल, शराब, विचारधारा में टकराव से टूटने की कगार पर पहुंचे परिवार को परामर्श केंद्र ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपराध रोकने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की रहती है, वही पुलिस परिवार को टूटने से बचाने का भी काम करती है। पुलिस की महिला इकाई ने परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया है। परिवार परामर्श केंद्र में चार माह के भीतर पांच सौ शिकायतें पहुंची हैं। उन शिकायतों में से 135 का निराकरण कर परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया है।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह ने पति-पत्नी से संबंधित विवाद जिसमें महिला को किसी तरह से गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पारिवारिक विवाद को बेहद ही संजीदगी से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमेन (आईएसीयूडब्लू) की एएसपी ममता देवांगन तथा उनकी टीम के दावों के मुताबिक कई मामले ऐसे होते हैं, जिसे परिवार परामर्श केंद्र में पहली ही सुनवाई में ही निपटा लिया जाता है। साथ ही संबंधितों को परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोगों का नंबर दिया जाता है, भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मदद मांग सके।

- जनवरी से लेकर अब तक पांच सौ शिकायतों में से 135 का निराकरण
- परिवार परामर्श केंद्र में ज्यादातर शिकायतें मोबाइल में बात करने से लेकर शराब सेवन, विचारधारा में टकराव
- परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया

परिवार को मिलाने के बाद भी संपर्क में रहते हैं

महिला अफसर के मुताबिक परिवार को टूटने से बचाने के बाद उनकी जिम्मेदारी वहीं समाप्त नहीं होती। परिवार को मिलाने के बाद महिला पुलिस की टीम तथा परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोग समय-समय पर परिवार के लोगों को कॉल कर उनके हालचाल के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। साथ ही उन्हें समय आने पर उचित सलाह के साथ मार्गदर्शन देने का काम करते हैं।

मोबाइल, शराब से टूट रहे परिवार

महिला अफसर के मुताबिक महिला थाने में ज्यादातर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से लेकर मोबाइल में बातचीत करने को लेकर विवाद होने की ज्यादातर शिकायतों आती हैं। ऐसे में परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र परिवार को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है। इसके लिए परिवार के लोगों की दो से तीन बार काउंसिलिंग कर उन्हें मिलवाने का काम करती है। महिला अफसर के मुताबिक चरित्र शंका को लेकर पत्नी के साथ मारपीट तथा पति के चरित्र शंका को लेकर भी महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंचती हैं। महिला अफसर के अनुसार विचारों के टकराव को लेकर भी शिकायतें आती हैं।

बार लायसेंस, मुद्रांक शुल्क के 100 करोड़ रुपए बकाया

- 2017-18 का मुद्रांक शुल्क निगम को अब तक नहीं मिला, चार साल से भेज रहे रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से बार लायसेंस और मुद्रांक शुल्क के रूप में 100 करोड़ की राशि अब तक नहीं मिली। इसमें वर्ष 2017-18 का 45 करोड़ 44 लाख का मुद्रांक शुल्क शामिल है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्र लिखा है। नगर निगम को शासन से 100 करोड़ बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से निगम से संबंधित अति आवश्यक लंबित देयकों के भुगतान में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023-24 में बार लायसेंस की राशि 12 करोड़ 86 लाख रुपए नगर निगम को शासन से

मिलना था जिसमें से अब तक केवल 1 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान नगरीय प्रशासन संचालनालय से मिल पाया। 11 करोड़ 42 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से कराई गई रजिस्ट्री का 1 फीसदी राशि 52 करोड़ 65 लाख रुपये में से 6 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये संचालनालय से प्राप्त हुई। जबकि 46 करोड़ से अधिक की राशि अप्राप्त है।

5 साल से लंबित मुद्रांक शुल्क के 45 करोड़ : नगर निगम के हिस्से के मुद्रांक शुल्क की 45 करोड़ की एकमुश्त राशि नगरीय प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिली। वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में हुई रजिस्ट्री का 1 प्रतिशत राशि निगम को मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलना है, यह राशि 45 करोड़ से भी अधिक है। इसके भुगतान के लिए निगम के अधिकारियों ने पिछले 5 साल में 7 बार अलग-अलग तारीख में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर लंबित राशि के भुगतान की ओर ध्यान दिलाया, पर शासन स्तर पर भुगतान लंबित है।

फीडबैक लेने नागरिकों के पास पहुंचे कमिश्नर

रायपुर। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार की सुबह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा उठाने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से मतदाता पर्ची के संबंध में भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट से सूखा और गीला कचरा सकरी कलेक्शन पॉइंट में अलग-अलग पहुंचाने 2 जेडएचओ नियुक्त करने के निर्देश दिए।

श्रीराम का विरोध कांग्रेस के पतन का कारण : श्रीवास्तव

रायपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, श्रीराम और भारत की अखंडता का विरोध कांग्रेस के पतन का कारण है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से हमेशा से राम मंदिर बनने का विरोध किया, राम के अस्तित्व को नकारा और राम मंदिर बन जाने के बाद उसके आमंत्रण तक को ठुकरा दिया, इससे हर राम भक्त की भावनाएं आहत हुई हैं।

अहाता के लिए थोक में आवेदन, ऑनलाइन की तारीख खत्म, आवंटन चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग ने राज्य में अहाता पॉलिसी लागू की है। इसके तहत शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इसके लिए लोगों ने भी थोक में आवेदन किए हैं।

आवेदन करने की गुरुवार को अंतिम तारीख थी, वहीं अहाता का आबंटन 25 अप्रैल को किया जाना था, लेकिन आचार संहिता के कारण अहाता की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई जा रही है या फिर बढ़ी हुई तारीख तक आवेदन भी किए जा सकते हैं, इस संबंध में अधिकारी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। राज्य सरकार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला है, जिसके लिए 8 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। टेंडर के अनुसार सभी जिलों में कौन-कौन सी शराब दुकानों के पास अहाते खोले जाने हैं, इसकी सूची ऑनलाइन साफ्टवेयर में डाल दी गई है। सूची के अनुसार सभी अहातों की बोली रेट भी तय किया गया है। इस बोली के अनुसार ही लोगों ने आवेदन किए हैं।

रायपुर जिले में 56 अहाता के लिए बोली

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इन दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं, लेकिन कुल कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उनका कहना है कि आबंटन के दिन ही कुल कितने आवेदन आये हैं, इसका पता चल पाएगा।

जिसकी बोली ज्यादा उसे मिलेगा ठेका : आबकारी विभाग के नियम के अनुसार आवेदन करने वालों में जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसे ही अहाता का ठेका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हर अहाता की सरकारी बोली वहां की शराब दुकान की हर दिन की शराब बिक्री को देखते हुए तय की गई है। सरकारी बोली के अनुसार आवेदन करने वालों ने भी उससे ज्यादा बोली लगाकर आवेदन किए हैं। इस तरह जिसके आवेदन में बोली ज्यादा होगी अहाता का ठेका भी उसे ही मिलेगा।

20 प्रवर्तन एजेंसी चुनाव में प्रलोभन रोकने लगातार कर रही कार्रवाई

चुनावी जांच-पड़ताल में पकड़ी जा रही जीएसटी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी कर चुनाव में प्रलोभन रोकने की कार्रवाई की जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 20 प्रवर्तन एजेंसी काम कर रही हैं। एजेंसियों द्वारा नकद, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु और फ्रीबी और अन्य आइटम पर भी कार्रवाई की जा रही है। राजधानी रायपुर में चुनावी जांच में जीएसटी चोरी के मामले भी सामने आ रहे हैं। केंद्रीय जीएसटी की टीम ने करीब 80 लाख रुपए के मोबाइल सेट पकड़ा। मामले में लीगल कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण इसे जब्त कर लिया गया है।

प्रदेश में चुनाव आचार संहित लागू होने के बाद प्रदेश में 20 प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक अन्य आइटम के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने के मामले में कार्रवाई कर 41.40 करोड़ की फ्रीबी और अन्य सामग्री पकड़ी है। राजधानी रायपुर में केंद्रीय जीएसटी की टीम ने 80 लाख के मोबाइल को पकड़ कर सीज किया है। बताया जा रहा है कि लीगल दस्तावेज न होने के कारण इसका चुनाव में इस्तेमाल न हो, इसे लेकर इसे सीज किया गया है। वहीं केंद्रीय और राज्य जीएसटी विभाग ने रायपुर और दुर्ग पान मसाला प्रोडक्ट में जीएसटी चोरी के मामले 8.62 करोड़ रुपए के पान मसाला प्रोडक्ट को सीज किया है।

80 लाख रुपए के मोबाइल जब्त

ये 20 एजेंसी कर रही जांच

लोकसभा चुनाव में चुनाव व्यय की जांच के लिए राज्य में 20 प्रवर्तन एजेंसी के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें शामिल एजेंसियों में पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, आबकारी, सीजीएसटी, डीआरवाई, एनसीबी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ, भारतीय विमानन प्राधिकरण, राज्य विमानन विभाग, एसजीएसटी, राज्य परिवहन विभाग, भारतीय डाक विभाग, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट लेबल बैंकिंग कमेटी, फाइनेशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया शामिल हैं।

15वें वित्त आयोग से अनुदान की पात्रता के लिए नहीं दिया निकायों ने ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 की अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए राज्य के नगरीय निकायों को भारत सरकार की सिटी फायनेंस पोर्टल पर तीन बिंदुओं के आधार पर जानकारी अपलोड करनी थी, लेकिन अधिकतर निकायों ने यह काम नहीं किया।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त और सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को जल्द से जल्द जानकारी अपलोड करने का आदेश दिया है। संचालनालय के मुख्य अभियंता की ओर से इस संबंध में सभी निकाय प्रमुखों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 की अनुदान राशि प्राप्त करने की पात्रता हासिल करने के लिए सिटी फायनेंस पोर्टल पर नगरीय निकायों को तीन बिंदुओं के आधार पर जानकारी अपडेट करनी थी, लेकिन यह काम आज तक नहीं किया गया है।

भारत सरकार बार-बार दिला रही है याद, ट्रेनिंग भी दी है पर नहीं हो रहा है काम

देनी है ये जानकारी

निकायों को सिटी फायनेंस पोर्टल पर जो जानकारी अपडेट करनी है, उसमें निकायों को वर्ष 2022-23 के प्रोविजनल एकाउंट्स एवं 2021-22 के ऑडिटेड एकाउंटस, सर्विस लेबल बेंचमार्क के 28 बेंच मार्क एवं टारगेट की जानकारी, 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 की प्राप्त टाइड ग्रांट में से किए गए व्यय की जानकारी शामिल है।

समय पर जानकारी देने की दी है ट्रेनिंग

खास बात ये है कि राज्य के नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी (15वें वित्त आयोग) को समय-समय पर जानकारी अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। संचालनालय को कंसलटेंट मेसर्स टिबरीवाल चंद एंड कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार 153 निकायों द्वारा बिंदु क्रमांक एक के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के प्रोविजनल एकाउंट्स तैयार किए गए हैं। यह जानकारी संबंधित अधिकारी को पदमुद्रा सहित हस्ताक्षर के बाद सिटी फायनेंस पोर्टल पर जल्द से जल्द सबमिट करनी है। इसके बाद ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुदान राशि भारत सरकार द्वारा जारी की जाएगी। संचालनालय ने ये भी कहा है कि अब तक की स्थिति में निकायों द्वारा सिटी फायनेंस पोर्टल पर आवश्यक जानकारी सबमिट नहीं किए जाने के कारण भारत सरकार द्वारा बार-बार स्मरण कराया जा रहा है।

खबर संक्षेप

परसुलीडीह में पानी की किल्लत

रायपुर। राजधानी से लगे परसुलीडीह में जलसंकट से लोग परेशान हैं। इसकी शिकायत वहां के रहवासियों ने जोन-9 कमिश्नरी में की है। प्रभावितों का कहना है, 5 दिनों से यहां पानी की समस्या है। लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। निगम मुख्यालय के अधिकारियों ने जोन-9 कमिश्नर को निर्देशित किया है कि परसुलीडीह में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करे। विदित हो, ग्रामवासियों की मांग पर रायपुर नगर निगम वहां पेयजल की व्यवस्था करता रहा है।

अप्रैल के बाद अब जुलाई में विवाह का मुहूर्त

धमतरी। खरमास की समाप्ति के बाद 13 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विवाह का शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 30 जून तक विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। शुक्र अस्त होने की वजह से 2 माह तक शुभ कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। पं. सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि 13 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने की वजह से खरमास का समापन हो गया। अब 28 अप्रैल तक शुभ कार्य, अनुष्ठान किए जा सकते हैं। 28 अप्रैल के बाद शादी विवाह का कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं है। 29 अप्रैल से 30 जून तक शुक्र अस्त रहेंगे। इस दरम्यान हिन्दू धर्म में कोई भी अनुष्ठान नहीं किए जा सकते। जुलाई में शुभ कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। विवाह के लिए 9, 11, 12, 13, 14 एवं 15 जुलाई को शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 17 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएंगे। इसके बाद नवंबर में शुभ मुहूर्त है। 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28, 29 नवंबर तथा 4, 5, 9, 10 और 14 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। इस तरह साल 2024 में 73 वैवाहिक मुहूर्त है।

नाली का गंदा पानी सड़क पर हुआ जाम ग्रामीण परेशान

सिर्री। ग्राम दहदहा से मेंडरका जाने वाले मार्ग में दहदहा निवासी डॉ. देवराज चंद्राकर के घर के सामने नाली का गंदा पानी पूरी तरह से जाम हो गया है। सड़क पर नाली का गंदा पानी भर गया है। अब तो स्थिति यह है कि गंदा पानी देवराज चंद्राकर के घर में घुसने लगा है। घुटनों तक पानी भर जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बांध से पानी छोड़े जाने के बाद से तालाबों और नाले में पानी भर चुका है। निकासी नहीं होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। आवागमन में परेशानी के साथ ही गंदा पानी बीमारियों को भी आमंत्रण भी दे रहा है। ग्रामीण पदुम निर्मलकर, मिथिलेश यादव, कार्तिक साहू, परदेशी यादव, रमेश चंद्राकर ने बताया कि सड़क पर नाली का गंदा पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देवराज चंद्राकर ने बताया कि नाली के पानी की निकासी के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

चुनाव : जन आशीर्वाद यात्रा में डहरिया का जगह-जगह हुआ स्वागत

जो संविधान को बदलने का प्रयास करेगा जनता उसे स्वयं बदल देगी : शिव डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बिलाईगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को जांजगीर-चांपा के सांसद प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया की जन आशीर्वाद यात्रा में जगह–जगह स्वागत कर लोगों ने अपार आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ. शिव कुमार डहरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे करती है। किसानों का कर्ज माफ, बिजली बिल हाफ, बेरोजगारी भत्ता, धान का समर्थन मूल्य सभी वादा पूरा किया गया, जबकि भाजपा के करनी और कथनी में अंतर है। उनके द्वारा कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर नारी न्याय योजना के तहत हर साल सभी महिलाओं के खाते में एक एक लाख रुपया दिया जाएगा। युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जायेगी। साथ ही ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं के खाते में भी एक लाख रुपया दिया जाएगा।धान का एमएसपी बढ़ाकर 5000 रु प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य कर दिया जाएगा। मनरेगा की मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपए की जाएगी। बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने भी कांग्रेस पार्टी को जीतने का आशीर्वाद मांगा। जन आशीर्वाद यात्रा बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरी के नेतृत्व ग्राम टुंडरी, नगरदा, पचरी, पंडरी पानी, सलीहा, धनसिर में संपन्न हुई, जहां कार्यकर्ताओं के अलावा लोगों का हुजूम देखने को मिला। सभी ने दोनों हाथ उठाकर डहरिया को समर्थन दिए। आज प्रमुख रूप से अरुण मालाकार, गोपाल पांडे, प्राण लहरे, पार्वती, छत्रसाल साहू, अशोक सिंघानिया, राजू अग्रवाल, दीपक टंडन, नेमीचंद केसरवानी, नलकुमार पटेल, सहसराम, रामशंकर साहू, बागसराम, सोहन जसवानी, खगेश्वर वैष्णव, हर नारायण साहू, प्रवेश दुबे, राजा अग्रवाल, उग्रेश दुबे, देव नारायण कुलदीप, हेमलाल साहू, सारधा पटेल, कौशल साहू, किशोर निराला, हरिहर साहू, पुनीराम, हरिराम पटेल, शत्रुघ्न जायसवाल, शैलेन्द्र देवांगन, रिजवाना बी, शांति बंजारे, ज्या साहू आदि के अलावा सैकड़ों के तादात में लोग मौजूद थे।

भाजपा बोल रही अबकी बार 400 पार, फिर संविधान पर वार

बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा बनाए संविधान से सभी समानता का अधिकार प्राप्त है। मौलिक और मूलभूत अधिकार प्राप्त है। संविधान रहने से सभी के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। नहीं रहने से सभी के अधिकार खत्म हो जाएगा। संविधान को बचाना है कांग्रेस पार्टी को जिताना है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। प्रजातंत्र को बचाने का चुनाव है, जो भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को बदलने का प्रयास करेगा उसे जनता स्वयं बदल देगी। मैं आप सबसे निवेदन करता हूं कि आगामी 7 मई को तीन नंबर पर बंटन दबाकर पंजा छाप को जिताना है और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाना है।

शकुंन डहरिया का चुनावी दौरा लवन क्षेत्र में आज

लवन। जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया की पत्नी सुकून डहरिया का जनसंपर्क दौरा 27 अप्रैल को लवन क्षेत्र के ग्रामों में है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरु दयाल यादव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि 27 अप्रैल को सकुन डहरिया का जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम ग्राम बिटकुली से प्रारंभ होकर खटियापाटी, सुढेला, मिश्राइनडीह, भद्रा, अमलकुंडा, ताराशिव, कसीयारा, कशीयारा, चिचिरदा, परसाडीह, पंडरिया व पैजनी में श्रीमद् भागवत कथा स्थल में पहुंचेगी। उन्होंने बताया गया कि पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस के चुनाव प्रचार में शकुंन डहरिया महिलाओं की टीम के साथ लोकसभा क्षेत्र के अनेक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही है। इसी तारतम में लवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ दौरा कार्यक्रम रखा गया है। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया का जन आशीर्वाद कार्यक्रम 26 अप्रैल को बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टुडरी नगरदा पचरी,पंडरीपानी, धनशीर ,सलीहा व बिलाईगढ़ में संपन्न हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि 27 अप्रैल को डॉ. डहरिया का जन आशीर्वाद कार्यक्रम जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के ग्राम खारताल, किरीत, रोकदा, अमोदा, पिसौद, वीरगहनी एवं चंपा में संपन्न होगा।

मोदी बोले- रॉकेट की गति से चल रही है विष्णु सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से "विष्णु के सुशासन की सरकार" के लिए उत्साहवर्धक साबित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीएम विष्णुदेव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाई विष्णुजी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं।

अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, बहुत कम समय में उन्होंने रॉकेट की गति से सरकार चलाई है। साय सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में साय सरकार ने धान पर किसानों को दी हुई गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी अब ज्यादा पैसा मिलेगा और तेंदूपत्ता की खरीद भी तेजी से होगी। यहां की माताओं को भी महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है, साथ ही उन्होंने कहा कि "छत्तीसगढ़ में जिस तरह कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है, ये पूरा देश देख रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सक्ती के जेठा की सभा में साय सरकार की कामयाबी का जिक्र करते हुए भूपेश सरकार की नाकामी बताई, उन्होंने साय और बघेल सरकार के बीच अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनहित के सारे काम रोक दिए थे, लेकिन अब विष्णुदेव साय जी हैं तो सारे काम मुझे पूरे करने हैं। उन्होंने साय सरकार के पूरी टीम की तारीफ की और कहा कि छत्तीसगढ़वासियों के लिए हमने जो गारंटी दी थी, उसे हमारे नए मुख्यमंत्री भाई विष्णुदेव साय और उनकी टीम ने आते ही 'कमाल' कर दिया। सरकार में आते ही प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया। प्रधानमंत्री के "भाई" जैसे आत्मीयता भरे शब्द साय सरकार पर भरोसे का प्रतीक है। यह बताता है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के भरोसे पर खरी उतरी है।

अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से 21 ई बसें जल्द फरार्ट भरेंगी। इसके लिए 2.5 एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। परिवहन सचिव एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने गुरुवार को अंतर्राज्यीय बसस्टैंड का निरीक्षण किया। बसस्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा।

आम जनता को सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने राजधानी के भाठागांव स्थित बसस्टैंड से 21 ई बसें संचालित की जायेंगी। इसके लिए ढाई एकड़ जगह को चिन्हांकित किया है। परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने स्थल का अवलोकन कर नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचाएं विकसित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर उन्होंने आम नागरिकों से बातचीत की और प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त द्वय ने ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही सिटी सेंटर का निरीक्षण कर लाइसेंस प्रिंटिंग कार्य की जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक अब ड्राइविंग लाइसेंस भी पासपोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। सिंगल विंडो के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जाएगा।

बृजमोहन बोले-भाजपा हर वर्ग के विकास की सोच रखती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश के 140 करोड़ों लोगों के लिए काम कर रही है। भाजपा का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, गरीबों को मकान, किसानों को सम्मान निधि और युवाओं को रोजगार दिलाना है। उनका कहना है भाजपा हर वर्ग के विकास की सोच रखती है।

श्री अग्रवाल ने कहा, हमारी सरकार गरीबों को मुफ्त में राशन देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार सभी के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। आज से 10 साल पहले बीमारी गरीबों की कमर तोड़ देती थी। इलाज के अभाव में लोगों की मौत हो जाती थी। भाजपा सरकार में आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही अब 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। इतना ही नहीं जनऔषधि केंद्रों का भी विस्तार किया जाएगा। जिससे हर किसी को कम से कम दाम में दवाइयां मिल सकें।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग में 13 करोड़ फंसे पानी सहेजने में 50 फीसदी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 50 फीसदी लोग वर्षा जल को सहेजने के मामले में गंभीर नहीं हैं। नए मकान व भवन का नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने आवेदकों ने नगर निगम में निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज तक नहीं लगा पाये। इसके कारण इन आवेदकों के 13 करोड़ की राशि रेन वाटर हार्वेस्टिंग में फंसी है। पिछले 5 साल में ऐसे लोगों की संख्या 7 हजार से ज्यादा है, जबकि 2,500 निर्माणकर्ता ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर अपनी सुरक्षा निधि वापस लेने में तत्परता दिखाई।

नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 1,500 वर्गफीट से अधिक आकार के भवन, मकान, व्यावसायिक निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा जारी करने से पूर्व आवेदकों से सुरक्षा निधि के रूप में 110 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से राशि जमा कराई जाती है, जो अधिकतम 15 हजार रुपये है, पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने का खर्च इससे दोगुना ज्यादा होने से 50 फीसदी आवेदक वर्षा जल संरक्षण के लिए सिस्टम लगवाने में रुचि नहीं ले रहे। इसकी वजह से पिछले 5 साल में नगर निगम के 13 करोड़ रुपए की सुरक्षा निधि जाम है, जबकि आवेदक द्वारा भवन, मकान निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम संतोषप्रद ढंग से स्थापित किये जाने की स्थिति में निगम द्वारा निरीक्षण के बाद आवेदकों की सुरक्षा निधि की जमा राशि लौटाई जाती है। इसके उलट यदि आवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया, तो नगर निगम संबंधित आवेदक की जमा सुरक्षा राशि राजसात कर लेता है।

सालभर पहले निगम ने निकाला था टेंडर लिस्ट में खामियां, टेंडर निरस्त

नगर निगम ने साल पूर्व निगम से इंपेनल्ड 31 जियो लॉजिस्ट को जोनवार सूची सौंपकर शहर के 10 जोनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने टेंडर किया। ऐसे जगहों पर जहां भवन, मकान निर्माणकर्ता द्वारा नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई गई, पर निर्माण के बाद भी रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया गया। संबंधित निर्माणकर्ता के यहां रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करने का जिम्मा पंजीकृत भूजल विदों को दिया गया। पर निगम द्वारा तैयार कराई गई सूची में कई तरह की खामियां रही। जिसके कारण जियो लॉजिस्ट को काम करने में खासी दिक्कत आई। जैसे ज्यादातर मकान मालिकों का पूरा पता सूची में दर्ज नहीं था। कुछ जगहों पर मकान मालिक ने ये कहकर सिस्टम लगाने से मना कर दिया कि निर्माण स्थल पर तोड़फोड़ कराना पड़ेगा। कुछ जगह ऐसे भी नाम मिले जिनके मोबाइल नंबर गलत दिये गये थे। इन सब कारणों से टेंडर निरस्त करना पड़ा।

1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर सिस्टम लगाना स्वेच्छिक

सूत्रों के मुताबिक नगरीय निकाय क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य नहीं है। मौजूदा व्यवस्था में रायपुर सहित प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में 1500 वर्गफीट से कम क्षेत्र में बने भवनों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने को स्वेच्छिक रखा गया है।

जोनवार इस तरह बनी जियोलॉजिस्ट की टीम

- **जोन 1** - संतोष कुमार बिसेन, देवराज पटेल, मुकेश कर्ष, विजेन्द्र कोशले
- **जोन 2** - योगेश भावे, धर्मेन्द्र साहू, आशुतोष सन्यासी, जगत बन्ध्धु देबनाथ
- **जोन 3** - सुरेन्द्र कुमार पटले, सरिता पाणिग्रही, युगलकिशोर शर्मा
- **जोन 4** - सुरेश सिन्हा, हितेश मलागार, कोमल सिंह वर्मा
- **जोन 5** - विपिन दुबे, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, वीरेन्द्र सिंह साहू
- **जोन 6** - रंजीत कुमार डे, राधारमण नायक, घनश्याम वर्मा, हितेश सोनकर
- **जोन 7** - डॉ. के.के पाणिग्रही, देवव्रत साहू, हेमवंत रहमतकर, गुलशन अठभैया
- **जोन 8** - भूपेश, मोनेश पांडेय, तुलेश्वर साहू, प्रवीण वर्मा
- **जोन 9** - धनेश्वर वर्मा, बिमान मुखर्जी, अवधकिशोर चौधरी
- **जोन -10** संतोष कुमार बिसेन, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार, नारायण साहू

पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर की पुण्यतिथि मनाई गई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में दिवंगत पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। 25 अप्रैल 2023 को एक सड़क हादसे में युवा पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर का निधन हो गया था। पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद द्वारा उनकी याद में शहीद स्मारक में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया था। सर्वप्रथम राष्ट्रगान किया गया। पश्चात पंकज चंद्राकर के छायाचित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनका जीवन परिचय, सेवा में किए गए योगदान एवं सेवानिवृत होने के पश्चात अंग्रेजी व्याख्याता के रूप में किए गए कार्यों को याद किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने स्वर्गीय पंकज चंद्राकर को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि पंकज, शहीद स्मारक निर्माण के मुख्य प्रेरणा स्रोत थे। उनका असमय निधन होना संघ एवं समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

पेज 9 का शेष

शराब तस्कर का...

अज्ञात वाहन चालक तेजी से वाहन को मोड़कर वापस जाने लगा, उसका पीछा किया गया। पीछा करने पर वाहन चालक ने तेजी से वाहन को एक सकरी गली में ले गया, जहां पैदल ही टीम द्वारा वाहन का पीछा किया गया। अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को खेत को पार कर नाले के पास वाहन एवं उसमे रखी सामग्री को छोड़कर भाग गया। अंधेरे के कारण उस चालक का पता नहीं लगा। तब टीम के साथ वहां पर उपस्थित वाहन एवं उसमें रखे सामग्री की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन में नंबर प्लेट नहीं लगा होना पाया एवं वाहन के सामने जूट के बोरे में लगभग 40 लीटर तथा वाहन के सीट के नीचे डिग्गी में 5–5 लीटर के दो पालीथिन में भरा 10 लीटर कुल प्राप्त मदिरा 50 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। मौके पर प्राप्त वाहन एवं मदिरा को जब्त कर विधिवत कब्जा आबकारी विभाग ने लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। वाहन चालक एवं स्वामी की पतासाजी की जा रही है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चे दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

सर्व ब्राह्मण समाज का आज सम्मेलन, अभिनंदन भी

रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 27 अप्रैल को प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अभिनंदन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय आयोजित एकल गायन, एकल नृत्य (15 से 31 वर्ष) तथा 30 से 60 वर्ष तक महिला वर्ग गायन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा और सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, भावना बोहरा, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला तथा हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया है।

कलेक्टर ने मतदाताओं के घर जाकर बांटी पर्ची

रायपुर। लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने मतदाता पर्ची वितरण कार्यक्रम के तहत स्वयं मतदाताओं के घर पहुंचें और उन्हें पर्ची बांटी। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधानसभा स्थित माधव राव सप्रे वार्ड के रहवासी रघु गोंड सहित अन्य मतदाताओं के घर पहुंचे और मतदाता पर्ची देकर उनसे मतदान करने की अपील की। इस दौरान रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा व एसडीएम नंदकुमार चौबे भी उपस्थित थे।

चुनाव में अच्छे कार्य करने वाले अफसरों का होगा सम्मान

रायपुर। लोकसभा चुनाव में अच्छे कार्य करने वाले अफसरों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभा कक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को कहा कि चुनाव कार्य में जो बेहतर कार्य करेंगे, उनका सम्मान किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गंभीरता के साथ कमिशनिंग कार्य करने के साथ मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने मतदान केंद्रों में अधिक भीड़ न बढ़े, इसके लिए बूथ लेवल के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपनी तैयारी पूरी रखें, क्योंकि सुबह के कुछ घंटे महत्वपूर्ण होते हैं।

निधन

रुंगुराम साहू

पलारी। ग्राम बोहारडीह निवासी

वरिष्ठ समाजसेवी 88 वर्षीय रुंगुराम साहू का निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त पटवारी लक्ष्मीनाथ साहू के भैया, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू के बड़े पिता एवं ओमप्रकाश साहू के पिताजी थे। उनके काठी मिट्टी कार्यक्रम में सामाजिकजन सहित सैकड़ों लोग शामिल होकर श्रद्धाजंलि अर्पित किये।

चुनाव : लोकसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर धर्मेश साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

जिले में मतदान के लिए दो बैलेट यूनिट का होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एएसपी कमलेश्वर चंदेल सहित जिले के मीडियाकर्मी उपस्थित थे। एसपी पुष्कर शर्मा ने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा बल, फलैग मार्च आदि के बारे में जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची की वितरण किया जा रहा है। साथ ही वोटिंग पर्ची के दौरान कितने मतदाता अनुपस्थित है, इसका भी सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे करने से निर्वाचन कार्य में फर्जी मतदाताओं की पहचान की जा सकती है और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

विगत दिनों बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 हजार पलायन किए गए बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदाताओं को वीडियो कॉल के माध्यम से आमंत्रण दिया गया कि वह 7 मई को अपने गांव या शहर में आकर राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान के अधिकार का उपयोग करें।

पैड न्यूज पर आयोग की नजर

पैड न्यूज के मामले में जिला स्तरीय समिति एमसीएमसी के फैसले से उम्मीदवार संतुष्ट नहीं होने पर उसके खिलाफ राज्य स्तरीय एमसीएमसी में अपील कर सकता है और इसी प्रकार राज्य स्तरीय सीएससी में संतुष्ट नहीं होने पर राष्ट्रीय एमसीएमसी समिति के समक्ष अपना अपील कर सकता है। जिले के 85 वर्ष आयु के वृद्धजन और दिव्यांग को उनके घर पर वोट करने की सुविधा 1 मई को दी जाएगी। इस प्रकार 1 मई के दिन छूटे हुए मतदाताओं को पुनः 3 मई में वोट करने की घर बैठे सुविधा दी जाएगी।

सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की शुरुआत होने के डेढ़ घंटे पहले वोटिंग मशीन का मॉक टेस्ट ट्रायल, क्षद्म मतदान किया जाएगा। इस दौरान कम से कम 50 पर्ची मतदान की टेस्ट की जाएगी। मॉकपोल के लिए राजनीतिक पार्टी एवं उनके प्रतिनिधियों का 15 मिनट इंतजार किया जाएगा। यदि वे नहीं आते हैं तो नियम अनुसार किया जाएगा। रायगढ़ लोकसभा में एक बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा। जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या 18 है। इसलिए एक यूनिट से 18 की संख्या कर संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा।

प्रत्याशी पंपलेट में प्रकाशक और मुद्रक का नाम अवश्य अंकित करें

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का कमिश्निंग अंतर्गत जितने उम्मीदवार है, उनके चुनाव चिन्ह को मशीन में दर्ज किया जाएगा, जो सारंगढ़ विधानसभा अंतर्गत 26, 27, 28 अप्रैल को और बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत 29 और 30 अप्रैल को और 1 मई को किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी पंपलेट में प्रकाशक, मुद्रक का नाम और संख्या नहीं होने पर वह सामग्री निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है, जिसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में कई जांच दल कार्य कर रहा हैं। हेल्पलाइन 1950, सी विजिल आदि के माध्यम से निर्वाचन गतिविधियों और उल्लंघन की मॉनिटरिंग और कार्यवाही की जा रही है।

चुनाव के लिए गौरेला-पेंड्रा जिले से मंगाई गई ईवीएम

जिले में ईवीएम मशीन की कमी की पूर्ति गौरेला-पेंड्रा जिले से की गई है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलौदा बाजार जिले के कसडोल क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों को बलौदाबाजार को दिया जाएगा और वोट के बाद उसे वहां से यहां के स्ट्रांग रूम में लाया जाएगा। इसी प्रकार लोकसभा उम्मीदवार के बैंक खाता का हिसाब, एक उनके शैडो रजिस्टर और व्यय प्रेक्षक कार्यालय के रजिस्टर से मिलान कर लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए खर्च का हिसाब किया जाएगा। एमसीएमसी द्वारा पैड न्यूज के मामले में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से नोटिस उम्मीदवार को जाएगा। नोटिस में कैंडिडेट का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर यह खर्च उनके व्यय खाता में जोड़ दिया जाएगा। वर्तमान लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को 95 लाख रुपए खर्च करने की पात्रता है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में डाकमत से मतदान प्रारंभ

भटगांव। कलेक्टर कार्यालय और सेजेस सारंगढ़ में 26 अप्रैल से जिला स्तरीय डाकमत से वोट देने का सिलसिला शुरू हुआ है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 26, 27 और 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाकमत पत्र से वोट देने की सुविधा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल को पुलिस गृह विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए यह सुविधा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की गई है। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा 26 अप्रैल से 6 मई तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की गई है।

छिंद में हुआ मतदाता जागरुकता का अनोखा कार्यक्रम

मुड़पार-सरसीवां। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंद में गुरुवार की शाम विधानसभा स्तरीय वृहद मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।

- आकर्षक स्वीप तिरंगा यात्रा में शामिल कलेक्टर धर्मेश साहू और एसपी पुष्कर शर्मा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दिव्यांग और सियान मतदाताओं को शाल,

श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सभी अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में ग्रीन बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों की आगवानी एनआरएलएम समूह की दीदियों और स्काउट गाइड द्वारा स्वीप तिरंगा यात्रा के जोश, उमंग और हर्षोल्लास साथ की गई। इस दौरान सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कलेक्टर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। यहां ग्राम छिंद एवं आसपास गांव के दाई, दीदी, भैया मन ल जय जोहार। एक भी मतदाता लोकसभा चुनाव में नहीं छूटना चाहिए। सभी उत्साह पूर्वक अपने पसंद के उम्मीदवार को बिना कोई लालच, भय, दबाव के वोट दें। आप सभी की कोशिश होनी चाहिए कि हर हालत में अपने परिवार, आस पड़ोस सहित सभी मतदाता मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने कहा कि बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। फोन नंबर 1950 में फोन करके भी मतदाता की जानकारी ले सकते हैं। आगामी 7 मई को सभी लोग जरूर मतदान करें। मतदान केंद्र में सभी सरकारी सुविधा आयोग द्वारा की गई है, जिसमें रैंप, पेयजल, टेबल, बेंच, शौचालय आदि शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान पहली बार मतदान करने वालों मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं और बालक, बालिकाओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ सेल्फी फोटो भी ली। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक पंचायत सहित अधिकारियों ने सियान मतदाताओं के साथ स्वल्पाहार भी किया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, महिला बाल विकास अधिकारी बिजेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग आशीष बनर्जी, एबीईओ मुकेश कुर्रे, विद्यालय प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक, समाज कल्याण विभाग विनय तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ सीईओ संजू पटेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पुरुषोत्तम स्वर्णकार द्वारा किया गया।

25 नववधू मतदाताओं को कलेक्टर द्वारा स्वीप सुहागन किट प्रदाय किया

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के 25 नववधु मतदाताओं को कलेक्टर द्वारा स्वीप सुहागन किट प्रदाय किया गया। समस्त सियान, दिव्यांग मतदाताओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सह औषधियों की व्यवस्था स्वास्थ्य और आयुष विभाग द्वारा की गई। सभी मतदाताओं को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प दिलाया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप अभियान में उल्लेखनीय योगदान हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मान पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया। बिहान समूह और नववधु मतदाताओं ने एक चक्र बना कर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

सेवानिवृत्त प्रधानपाठक रतन के सम्मान में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री, संकुल केन्द्र घिवरा में पदस्थ सेवानिवृत्त प्रधानपाठक रतन लाल वर्मा के सम्मान में विद्यालय प्रांगण सिर्री में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा एलके जाहिरे, संकुल प्रभारी प्राचार्य घिवरा दीपक गुप्ता और सपरिवार पधारे रतन लाल वर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जाहिरे, संकुल केंद्र घिवरा, कनकी व वर्मा के पूर्व विद्यालय मांठ के उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, रसोइया दीदीयों, विभिन्न समूहों के सदस्य, आंगनबाड़ी परिवार, पधारे सेवानिवृत्त शिक्षकगण, प्राथमिक स्टॉफ सिर्री, पूर्व माध्य. स्टॉफ सिर्री

के द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया। संकुल समन्वयक घिवरा कैलाश बघेल ने भी वर्मा का उपहार और संकुल परिवार घिवरा की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जाहिरे ने वर्मा का गुणगान करते हुए कहा कि वर्मा जी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत के समान है, जो निरंतर अनुशासन और आदर्शों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से आज पर्यंत तक करते आये है। कार्यक्रम को विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक संतोष शर्मा ने भी अपने विचार रखे। अंत में श्री वर्मा ने विचार प्रकट करते हुए बहुत भावुक हो गये। उन्होंने कहा अनुशासन में रहते हुए सभी कार्यों को समय पर संपादित करने का प्रयास किया है। यह पल मेरे जीवन भर के लिए स्मृति पटल में समाहित हो गया। इस सम्मान से वे पूर्णतः भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर रतन लाल वर्मा, उनकी पत्नी शारदा वर्मा, पुत्रवधु मोनिका वर्मा और नाती, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एलके जाहिरे, विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक संतोष शर्मा, संकुल प्रभारी प्राचार्य घिवरा दीपक गुप्ता, बरतोरी प्रधानपाठक शिव कुमार वर्मा, तरपोंगी समन्वयक कौशल वर्मा, ताराशिव समन्वयक कमलेश वर्मा, कनकी समन्वयक बी पी वर्मा, ईल्दा समन्वयक लखेश्वर वर्मा सहित रसोईयागण, ग्राम से पधारे गणमान्य नागरिक, आंगनबाड़ी परिवार सहित विद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता के लिए मे-फेयर लेक रिसॉर्ट ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करते हुए मे-फेयर लेक रिसॉर्ट ने अभिनव पहल की है। 7 मई को मतदान करने वाले हाथ की स्याही दिखाने वाले मतदाताओं के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है। उन्हें भोजन में 30 फीसदी की छूट मिलेगी। 7 मई से 12 मई तक सभी मतदाताओं को कार्ट ऑर्डर व

बुफे पर स्पेशल डिस्काउंट दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।

आम जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने राजधानी में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेफेयर प्रबंधन ने मतदान तिथि 7 मई को वोट देने वाले मतदाताओं को भोजन सूची ऑर्डर करने पर 30 प्रतिशत का डिस्काउंट देने की घोषणा की है। इसके अलावा तीन व्यक्तियों के बुफे पर एक अतिरिक्त व्यक्ति का बुफे निःशुल्क होगा, ताकि लोग अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित हों। प्रबंधन द्वारा इस आशय का पत्र भी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा गया।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष साहू ने दिया इस्तीफा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामविलास साहू के कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस की स्थापना जिन मूल्यों को लेकर हुई थी, पार्टी आज उससे पूरी तरह से भटक चुकी है। उन्होंने कहा, देश के बहु संख्यक हिंदुओं की भावनाओं को कुचलकर हम सब आराध्य भगवान राम की मूर्ति स्थापना का आमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने धारा 370 के विरोध, अल्पसंख्यक को खुश करने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपमानित करना और राजनीति के लिए किसानों के हितों की बात करने का आरोप लगाया।